**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-2/2019 (प्रोत्साहन)-हिं.अ. दिनांक: 28.04.2021

**ज्ञापन**

**विषय: संस्थान में अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने पर प्रोत्साहन योजना के तहत नकद पुरस्कार संबंधी।**

कृपया उपर्युक्त विषयक हिंदी अनुभाग के दिनांक 05.04.2021 के समसंख्यक ज्ञापन का अवलोकन करें जिसके तहत अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने वाले संस्थान के अधिकारी/ संकाय-सदस्यगण उक्त नकद पुरस्कार प्रोत्साहन योजना के तहत भाग लेने हेतु दिनांक 01.04.2020 से 31.03.2021 तक की अवधि के दौरान हिंदी में दी गई डिक्टेशन के कुल शब्दों की संख्या को **निर्धारित प्रोफार्मा** में भरकर तथा प्रमाण के तौर पर हिंदी में डिक्टेशन दिए गए **केवल 5 प्रपत्रों की फोटो प्रतियां** मूल्यांकन हेतु सीधे ही हिंदी अनुभाग में दिनांक 20.04.2021 तक भेजनी अपेक्षित थी।

**इस विषय में यह सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त प्रोत्साहन योजना के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 31 मई, 2021 तक आगे बढ़ा दी गई है।**

अत: सभी केन्द्रों के प्रमुख तथा विभागों /अनुभागों के अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया उक्त सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्रों में कार्यरत सभी अधिकारियों/संकाय-सदस्यों की जानकारी में लाने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक संकाय-सदस्यगण/ अधिकारीगण उक्त हिंदी डिक्टेशन प्रोत्साहन योजना में सम्मिलित हो सकें।

28.4.2021

(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**वितरण:-**

1 सभी केन्द्र-प्रमुखगण।
2 सभी विभाग/अनुभाग अध्यक्षगण।
3 मुख्य प्रशासन अधिकारी।
4 वित्त सलाहकार।
5 अधीक्षण अभियंता।
6 कुल-सचिव।

} कृपया इस पुरस्कार योजना की सूचना अधीनस्थ अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों की जानकारी में ला दें।

**प्रतिलिपि:-**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (प्रशासन) महोदय के निजी सचिव।
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- सभी नोडल राजभाषा अधिकारी।
- उप-निदेशक, कंप्यूटर सुविधा: इस अनुरोध सहित कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
28 APR 2021
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29